राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
मो॰–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राजभवन में विश्वविद्यालयों के वित्तीय सलाहकारों एवं वित्त पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई

पटना, 06 सितम्बर 2018

आज महामहिम राज्यपाल के निदेशानुसार, राजभवन में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में कार्यरत वित्तीय सलाहकारों एवं वित्त पदाधिकारियों की एक समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालयों में समुचित वित्तीय प्रबंधन, लेखा–संधारण, वार्षिक अंकेक्षण, वेतन एवं सेवान्त आर्थिक लाभों के ससमय भुगतान आदि अत्यन्त आवश्यक हैं। श्री सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) एवं 'राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान' (RUSA) तथा राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जानेवाली निधियों एवं आबंटनों का व्यय–प्रतिवेदन तथा उपयोगिता प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से ससमय भेजा जाना चाहिए, ताकि अग्रेतर राशि प्राप्त करने में व्यवधान नहीं हो।

प्रधान सचिव ने कहा कि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में लेखा–संधारण समुचित रूप से होना चाहिए तथा प्रत्येक वर्ष अंकेक्षण भी ससमय होना चाहिए। प्रधान सचिव ने शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के नियमित वेतन–भुगतान पर जोर देते हुए कहा कि महामहिम कुलाधिपति सेवान्त लाभ के मामलों का ससमय निष्पादन चाहते हैं, इसलिए सेवानिवृत्त होनेवाले शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की सेवानिवृत्ति तिथि आने के पहले से सेवांत लाभ के भुगतान हेतु नियमानुरूप आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जानी चाहिए।

बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि शिक्षकों के वेतन–सत्यापन में संतोषजनक प्रगति है। इसी तरह शिक्षकेत्तर कर्मियों का भी शीघ्र वेतन–सत्यापन कराने का निदेश वित्तीय अधिकारियों को दिया गया।

बैठक में विश्वविद्यालयों में आवश्यक सामग्रियों की खरीददारी में 'Gem' (Governmenet e-marketplace) को प्राथमिकतापूर्वक अपनाने का भी निदेश दिया गया।

बैठक को अपर सचिव श्री विजय कुमार ने भी संबोधित किया एवं इसमें राज्यपाल सचिवालय के अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

....